**संघे शक्ति कलयुगे**

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील – सिवनी जिला – सिवनी

**:शासन द्वारा मान्यता प्राप्त:**

**पंजीयन क्र. 3473 दि. 12/11/73 एवं शासन से मान्यता प्राप्त दि. 16/11/96**

तहसील अध्यक्ष
श्री सुबोध कुमार दुबे
मो..नं. 8085441010

तहसील सचिव
श्री भूपेन्द्र सिंह उइके
मो.नं. 9425888445

क्रमांक/ /तह.प.संघ/2025, सिवनी, दिनांक 24/09/2025

प्रति,

श्रीमान तहसीलदार महोदय
तहसील सिवनी, जिला सिवनी

विषय :– पटवारियों के सभी प्रकार के एरियर्स, समयमान वेतनमान, वार्षिक वेतन वृद्धि, एग्रीस्टेक भत्ते, रूकी हुई वेतन, निलंबन अवधि के वेतन, Fixation , गोपनीय चरित्रावली, सेवा पुस्तिका संधारण जैसे कार्यो को तत्काल समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के संबंध में।

संदर्भ :– 1. ज्ञापन क्रमांक/Q/पट.संघ/2021, सिवनी, दिनांक 06/04/2021.
2. ज्ञापन क्रमांक/15/जिला पट.संघ/2021, सिवनी, दिनांक 08/10/2021.
3. ज्ञापन क्रमांक/08/जिला पट.संघ/2022, सिवनी, दिनाकं 22/12/2022.
4. ज्ञापन क्रमांक/05/जिला पट.संघ/2024, सिवनी, दिनांक 18/11/2024.

––––00––––

महोदय जी,

उपरोक्त विषयांतर्गत संर्दभित पत्र के परिपालन मेंलेख है कि म.प्र. पटवारी संघ तहसील सिवनी के संर्दभित पत्रों के माध्यम से विषयांतर्गत मांगो के संबंध में समय–समय पर कार्यवाही किये जाने हेतु निवेदन किया जाता रहां है। परन्तु अफसोस के साथ लिखना पड रहां है कि हमारी विभिन्न मांगो के संबंध में आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

पूर्व में प्रस्तुत किये गये ज्ञापनों पर कोई भी कार्यवाही नहीं होने से यह प्रतीत होता है कि जिम्मेदार शाखा कानूनगो शाखा के द्वारा सभी ज्ञापनों को कूडादान में फेक दिया गया है। तभी तो इतने बार ज्ञापन देने के उपरांत भी पटवारियों की समस्याएं जस की तस है जिम्मेदार कर्मचारी के द्वारा हमारे कार्यो जिम्मेदारी से न किया जाकर हमेशा टाल–मटोल किया जाता है। जिससे तहसील सिवनी का पटवारी संवर्ग अपने आप को ठगा सा महसूस करने लगा है। पूर्व में म.प्र.प.संघ तहसील सिवनी के द्वारा दिये गये ज्ञापन पर की गई कार्यवाहियों के संबंध में तहसील अध्यक्ष को आज दिनांक तक अवगत नहीं कराया गया है। म.प्र. पटवारी संघ तहसील सिवनी आज पुनः अपनी न्यायोचित मांगो के संबंध में अंतिम निवेदन करता है :–

1. वर्ष 2017 से आज दिनांक तक शेष एरियर्स कर भुगतान सिर्फ तहसील सिवनी का शेष है अन्य किसी भी तहसील में उक्त एरियर्स का भुगतान शेष नहीं है। भुगतान समय पर नहीं होने से भविष्य में NPS की जमा राशि पर मिलने बाले ब्याज पर भी असर पडेगा इसका जिम्मेदार कौन होगा।
2. शासन द्वारा समय–समय पर जो महगांई भत्ता बढाया जाता है उसका भुगतान भी आज दिनांक तक शेष उक्त

तहसील अध्यक्ष
श्री सुबोध कुमार दुबे
मो..नं. 8085441010

तहसील सचिव
श्री भूपेन्द्र सिंह उइके
मो.नं. 9425888445

भुगतान समय पर नहीं होने से भविष्य में NPS की जमा राशि पर मिलने बाले ब्याज पर भी असर पडेगा इसका जिम्मेदार कौन होगा।

3. जिन पटवारियों के द्वारा वर्ष 2020, 2021, 2023 एवं 2025 में अपनी 10 वर्ष की सेवा पूर्ण किया गया उन्हे समयमान वेतनमान लगने के उपरांत एरियर्स की राशि का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है।
4. पटवारी श्री महेन्द्र कुमार बट्टी को चौथे समयमान वेतनमान का एरियर्स का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है।
5. पटवारी श्री रामनारायण सनोडिया का प्रथम क्रमोन्नति दिनांक 01/07/2007 और द्वितीय समयमान वेतनमान के एरियर्स का भुगतान शेष है। साथ तृतीय समयमान वेतनमान लगाया जाना शेष है।
6. पटवारी श्री कौशल किशोर राहंगडाले को माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है एवं निलंबन अवधि 6 माह का वेतन आज दिनांक तक अप्राप्त है।
7. पटवारी श्री अवधेश दीक्षित का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है। मेडीकल अवकाश के बिल स्वीकृत होने के उपरान्त भी आज दिनांक तक भुगतान नहीं हुआ है।
8. पटवारी श्री राजेन्द्र सरयाम, श्वेता साहू का त्रुटिपूर्ण Fixation होने के कारण एरियर्स की राशि की गणना Negative में हो रही है।
9. पटवारी श्रीमति आराधना धुर्वे के वर्ष 2020 में लगे समयमान वेतनमान का एरियर्स का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है एवं नियमनानुसार मातृत्व अवकाश पर रहने के बाबजूद भी वेतन काटा गया है। माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है।
10. पटवारी कु. प्रवीणा डहेरिया का जनवरी 2018 में पांच दिवस का वेतन आहरण नहीं हुआ है एवं 7th pay arrears 4th installment आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है।
11. पटवारी श्री संदीप पांडे को 7th pay arrears 4th installment आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है।
12. पटवारी श्री अरूण कुमार सैयाम की 7th pay arrears All(1-4 installment) आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है।
13. पटवारी श्री तपेश्वर टेम्भरे की दो वार्षिक वेतन वृद्धि अकारण नही लगाई है।
14. पटवारी श्री गौरव तिवारी का 4 महीने का अतिरिक्त हल्के का भत्ता का एरियर्स का भुगतान आत दिनांक तक शेष है।
15. पटवारी श्री योगेश मर्सकोले की आई.एम.एफ.एस पोर्टल पर ज्वाइनिंग दिनांक गलत है।
16. पटवारी श्री सतीश जंघेला निलंबन अवधि 10 दिन का वेतन का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है।

तहसील अध्यक्ष
श्री सुबोध कुमार दुबे
मो..नं. 8085441010

तहसील सचिव
श्री भूपेन्द्र सिंह उइके
मो.नं. 9425888445

17. पटवारी श्रीमति नीतू यादव का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है।
18. पटवारी श्री मानस शर्मा का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है। माह जुलाई से अतिरिक्त हल्के का भत्ता अकारण रोका गया है।
19. पटवारी श्रीमति सुनीता सनोडिया का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है।
20. पटवारी कु. ऋद्धा उइके का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है।
21. पटवारी कु. निर्मला डहेरिया का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है।
22. पटवारी कु. रीना सोनी का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है।
23. पटवारी श्रीमति सरला डहेरिया का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है।
24. पटवारी श्रीमति त्रुती मेश्राम का माह जुलाई में लगने वाली वार्षिक वेतनवृद्धि अकारण नहीं लगाई गई है। माह जुलाई 2025 का वेतन अप्राप्त है।
25. पटवारी श्री शुभम ठाकरे को माह जुलाई में अतिरिक्त हल्के का भत्ता अकारण रोका गया है।
26. पटवारी श्री हरिशंकर ठाकुर को माह जुलाई में अतिरिक्त हल्के का भत्ता अकारण रोका गया है।
27. पटवारी कु. आकृति परस्ते की माह मार्च 2025 की 13 दिन की वेतन आज दिनांक तक अप्राप्त है।
28. पटवारी श्री मुकेश कुमार पूसामे एवं राकेश कु परते का माह मार्च से सितम्बर 2024 कुल 7 माह का वेतन आज दिनांक तक अप्राप्त है।
29. पटवारी श्री पवन चौधरी, श्री महेन्द्र सरयाम, श्री मुकेश कुमार पुसामे, श्री राकेश कु परते की पूर्व विभाग की सेवा अवधि का वर्तमान सेवा में संविलियन का कार्य नहीं हुआ है।
30. पटवारी श्रीमति सरोज सिरसाम का वर्ष 2017/18 का गोपनीय चरित्रावली व्यक्तिगत नस्ती में नही है।
31. पटवारी श्री राकेश सूर्यवंशी को वर्ष 2021 से 3 वार्षिक वेतन वृद्धि लगना था परन्तु 1 ही लगी है 2 वार्षिक वेतन वृद्धि अकारण नही लगाई है। 7th pay arrears 2nd installment आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है। माह अगस्त 2024 का मेडीकल अवकाश के माह का वेतन आज दिनांक तक अप्राप्त है।
32. वर्ष 2018 में सेवा प्रारंभ करने वाले समस्त पटवारियों का Pay Fixation का कार्य शेष है जिसकें कारण उनके एरियर्स के भुगतान भी शेष है।
33. राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची में त्रुटिया जिसमें सुधार हेतु पत्राचार किया जायें।
34. सितम्बर 2024 में ज्वाइन हुये समस्त पटवारियों का माह सितम्बर और अक्टूबर 2024 कस एग्रीस्टेक भत्ता एवं अन्य भत्ते का एरियर्स का भुगतान आज दिनांक तक नही हुआ है।
35. तहसील सिवनी के समस्त पटवारियों की सेवा पुस्तिका अपूर्ण है।
36. तहसील सिवनी के समस्त पटवारियों का 2024/25 का गोपनीय चरित्रावली भरना भी शेष है।

तहसील अध्यक्ष
श्री सुबोध कुमार दुबे
मो..नं. 8085441010

तहसील सचिव
श्री भूपेन्द्र सिंह उइके
मो.नं. 9425888445

37. तहसील सिवनी के पटवारी साथी शासकीय कार्यो को अपनी संपूर्ण उर्जा के साथ संपादित करते है। महोदय जी मासिक वेतन शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 1 तारीख कर्मचारी को प्राप्त होना चाहिये अतः आपसे निवेदन है कि प्रत्येक माह की 1 तारीख को तहसील के अन्य कर्मचारियों की भांति पटवारियों को भी प्राप्त होना चाहिये चूंकि किसी भी कर्मचारी के वेतन पर सिर्फ उसका अधिकार नही होता उसके वेतन पर उसका संपूर्ण परिवार निर्भर होता है। इसके साथ साथ मासिक वेतन का भुगतान समय पर नहीं होने से भविष्य में NPS की जमा राशि पर मिलने बाले ब्याज पर भी असर पडेगा इसका जिम्मेदार कौन होगा।
38. तहसील सिवनी में प्रायः यह देखने में आया है कि किसी न किसी पटवारी को अतिरिक्त हल्के का भुगतान नहीं होता, कभी मकान किराया भत्ता नियमानुसार नही दिया जाता जिसके कारण पटवारी को आर्थिक नुकसान होता है। अतः महोदय जी यदि संभव हो तो प्रत्येक माह का एकजाई गणना पत्रक उपलब्ध कराया जाये या फिर जिम्मेदार कर्मचारी को हिदायत दी जाये कि इस प्रकार की त्रुटि न हो।
39. महोदय जी पटवारियों के सेवा पुस्तिका का संधारण नहीं हो रहां है जिसे सतत कराया जाये। साथ ही पटवारियों की व्यक्तिगत नश्ती फाइल संधारित की जाये जिसमें उनके नियुक्ति दिनांक से आज तक के संपूर्ण दस्तावेज एवं गोपनीय चरित्रावली को संधारित किया जाये।

तहसील सिवनी के समस्त पटवारी उपरोक्त बिन्दुवार वर्णित सभी लंबित कार्यो का निराकरण समय सीमा में चाहते है। उक्त मांगो में से बकाया सभी एरियर्स का भुगतान 15 दिवस एवं सेवा पुस्तिका अद्यतन, वर्ष 2018 के पटवारियों का Fixation हेतु निराकरण सहित अन्य सभी लंबित कार्यो का निराकरण 1 माह हो जाये ऐसी अपेक्षा रखते है। निराकरण न होने की स्थिती में तहसील सिवनी के समस्त पटवारी रैली के माध्यम से कलेक्टर महोदय को ज्ञापन देने उपरान्त समस्त शासकीय ग्रुप से लेफ्ट होकर चरणबद्ध रूप से मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील सिवनी के बैनर तले आंदोलन हेतु बाध्य होंगे। जिसमें संपूर्ण जिला भी तहसील सिवनी के साथ आंदोलन में सहभागी होगा। तहसील में राजस्व कार्य प्रभावित होने की संपूर्ण जबाबदारी तहसील प्रशासन की होगी।

संलग्न – पूर्व में दिये गये ज्ञापन की प्रतिलिपी।

तहसील अध्यक्ष
म.प्र.पटवारी संघ सिवनी

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान कलेक्टर महोदय सिवनी की ओर सादर सूचनार्थ।
2. श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय सिवनी की ओर सादर सूचनार्थ।
3. श्रीमान जिलाध्यक्ष म.प्र.पटवारी संघ जिला सिवनी की ओर सादर सूचनार्थ।

तहसील अध्यक्ष
म.प्र.पटवारी संघ सिवनी